इन्डक्शन प्रोग्राम का आयोजन

आज दिनांक 07.09.2024 को प्रौद्यागिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों का इन्डक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में 350 छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनुपम भटनागर ने की एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. विक्रमादित्य दवे ने किया। डॉ. विक्रमादित्य दवे ने बताया कि आज पहले दिन नवआगुन्तक छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के गतिविधियों के बारे में अवगत कराया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभाग के विभागाध्यक्ष ने अपने विभाग के बारे में प्रथम वर्ष के छात्रों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, एन. सी. सी. एवं खेल विभाग के अधिकारियों ने भी छात्रों को गतिविधियों के बारे में अवगत कराया । यह प्रोग्राम दिनांक 07.09.2024 से 18.09.2024 तक चलेगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जायेगा। कार्यक्रम में डॉ. जयकुमार मेहरचंदानी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।